| |
|---|
| **दिनांक 07.05.2023** |
| **प्रेस विज्ञप्ति 07/2023** |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**कमिश्नरेट कानपुर नगर/थाना नौबस्ता**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **53 हजार 400 रूपये नगद**
- **दो चैन, एक चैन का टूकडा**
- **चोरी की 01 मोटर साइकिल (फर्जी नम्बर प्लेट)**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 06.05.2023 को थाना नौबस्ता पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर प्रताप होटल के सामने अण्डरपास के नीचे रामादेवी की तरफ से 02 अभियुक्तों 1–राजेश कुमार 2–विजय कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 53 हजार 400 रूपये नगद, दो चैन, एक चैन का टूकडा, चोरी की 01 मोटर साइकिल (फर्जी नम्बर प्लेट), 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त राजेश कुमार के विरूद्ध कमिश्नरेट कानपुर नगर व लखनऊ के विभिन्न थानो में लूट, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 31 अभियोग एवं अभियुक्त विजय कुमार के विरूद्ध कमिश्नरेट कानपुर नगर के विभिन्न थानो में लूट आदि के 08 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना नौबस्ता पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–राजेश कुमार निवासी सती बगिया अनुपम नगर थाना बाजार खाला लखनऊ।

2–विजय कुमार निवासी जमालपुर थाना निजामाबाद जनपद आजमगढ़।

**बरामदगी**

1—53 हजार 400 रूपये नगद।

2—दो चैन, एक चैन का टूकडा।

3—चोरी की 01 मोटर साइकिल (फर्जी नम्बर प्लेट)।

4—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि।

**कमिश्नरेट गाजियाबाद/थाना लोनी बार्डर**

- **अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहा अभियुक्त गिरफ्तार**
- **26 निर्मित/अर्द्ध निर्मित अवैध तमंचा विभिन्न बोर**
- **अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद**

दिनांक 07.05.2023 को थाना लोनी बार्डर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम टीला शहबाजपुर जंगल से अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे अभियुक्त फरीद को गिरफ्तार किया गया। एक अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 26 निर्मित/अर्द्ध निर्मित अवैध तमंचा विभिन्न बोर, अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना लोनी बार्डर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—फरीद निवासी प्रेमनगर थाना लोनी कमिश्नरेट गाजियाबाद, स्थाई पता जनपद सहारनपुर।

**बरामदगी**

1—26 निर्मित/अर्द्ध निर्मित अवैध तमंचा विभिन्न बोर।

2—अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि।

## जनपद इटावा/थाना फ्रेंड्स कॉलोनी

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 01 कार, 01 मोटर साइकिल**
- **घटना में प्रयुक्त उपकरण आदि बरामद**

दिनांक 06/07.05.2023 को थाना फ्रेंड्स कॉलोनी व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम कुनैरा पचावली जाने वाले तिराहे से अभियुक्त सुमित उर्फ विवेक उर्फ सोनू को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी की 01 कार, 01 मोटर साइकिल, घटना में प्रयुक्त उपकरण आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 01.05.2023 को थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिनके विरूद्ध जनपद इटावा, फिरोजाबाद, कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 18 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गिरफ्तार अभियुक्त

1—सुमित उर्फ विवेक उर्फ सोनू निवासी नगला हरनाथ थाना सैफई जनपद इटावा, हालपता विराट मार्केट थाना गोमतीनगर कमिश्नरेट लखनऊ

### बरामदगी

1—चोरी की 01 कार, 01 मोटर साइकिल।

2—घटना में प्रयुक्त उपकरण आदि।

## जनपद हापुड़/थाना कपूरपुर

- **अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **17 निर्मित/अर्द्ध निर्मित अवैध तमंचा विभिन्न बोर**
- **04 जीवित 02 खोखा कारतूस**
- **अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद**

दिनांक 06.05.2023 को थाना कपूरपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम बझैडा कलां नहर पटरी के पास खंडर से अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 02 अभियुक्तों 1–रहीश 2–जुल्फिकार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 17 निर्मित/अर्द्ध निर्मित अवैध तमंचा विभिन्न बोर, 04 जीवित 02 खोखा कारतूस, अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त रहीश के विरूद्ध जनपद हापुड़, बुलन्दशहर, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर व दिल्ली के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट आदि के 12 अभियोग एवं अभियुक्त जुल्फिकार के विरूद्ध जनपद हापुड़ के विभिन्न थानो में आर्म्स एक्ट के 03 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना कपूरपुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–रहीश निवासी सालेपुर कोटला थाना कपूरपुर जनपद हापुड़।

2–जुल्फिकार निवासी बझैडा कलां थाना कपूरपुर जनपद हापुड़।

**बरामदगी**

1–17 निर्मित/अर्द्ध निर्मित अवैध तमंचा विभिन्न बोर।

2–04 जीवित 02 खोखा कारतूस।

3–अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि।

## जनपद कासगंज/थाना पटियाली

- **अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **05 अवैध तमंचा विभिन्न बोर**
- **04 जीवित 01 खोखा कारतूस**
- **09 नाल**
- **भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद**

दिनांक 07.05.2023 को थाना पटियाली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बूढी गंगा पुल के पास झाडियों से अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 04 अभियुक्तों 1–सुदेश 2–रणजीत 3–रोहित 4–राहुल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 05 अवैध तमंचा विभिन्न बोर, 04 जीवित 01 खोखा कारतूस, 09 नाल, भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त रोहित के विरूद्ध जनपद कासगंज, फर्रूखाबाद, शाहजहाँपुर के विभिन्न थानो में 05 अभियोग, अभियुक्त सुदेश के विरूद्ध जनपद कासगंज, फर्रूखाबाद के विभिन्न थानो में आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट के 05 अभियोग, अभियुक्त रणजीत के विरूद्ध जनपद कासगंज, फर्रूखाबाद के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट आदि के 04 अभियोग एवं अभियुक्त राहुल के विरूद्ध जनपद कासगंज, फर्रूखाबाद के विभिन्न थानो में आर्म्सए एक्ट आदि के 03 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना पटियाली पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–सुदेश निवासी मानिकपुर थाना सोरों जनपद कासगंज।

2–रणजीत निवासी सिरसा थाना कम्पिल जनपद फतेहगढ़।

3–रोहित निवासी सिरसा थाना कम्पिल जनपद फतेहगढ़।

4–राहुल निवासी सिरसा थाना कम्पिल जनपद फतेहगढ़।

**<u>बरामदगी</u>**

1—05 अवैध तमंचा विभिन्न बोर।

2—04 जीवित 01 खोखा कारतूस।

3—09 नाल।

4—भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि।

———————